सांसदों ने श्री सोमनाथ चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री गुलाम नबी आजाद; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रह्लाद सिंह पटेल; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज श्री सोमनाथ चटर्जी की जयंती पर संसद के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भी उन्हें पुष्पांजलि दी।

श्री चटर्जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था और शिक्षा तथा खेलकूद से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में भी उनकी रूचि थी। वह हर अर्थ में आम जनता से जुड़े हुए व्यक्ति थे। उन्होंने राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठकर भारत के लोकतंत्र के सिद्धांतों एवं मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता दर्शाई।

वर्ष 1971 में लोक सभा के सदस्य बने श्री सोमनाथ चटर्जी सभी सांसदों के लिए अनुकरणीय थे। एक कुशल अधिवक्ता, ट्रेड यूनियन के नेता, मुखर और प्रभावी सांसद, एक कद्दावर नेता और बाद में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के अध्यक्ष, श्री चटर्जी लोकतंत्र में विश्वास करने वाले विश्व के समर्थकों को प्रोत्साहित किया। अपने सार्वजनिक जीवन के दौरान उनका सतत प्रयास रहा कि वह जनता के मन में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करें और इन संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाये रखें। श्री चटर्जी 4 जून, 2004 से 31 मई, 2009 तक लोक सभा अध्यक्ष रहे।